तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

12 सरसींवा में अयोध्या के अक्षत कलश की श्रीराम...



12 गुरु घासीदास की शोभायात्रा में शामिल हुए विधायक साव





## खबर संक्षेप



### स्वयं सेविकाओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**बलौदाबाजार।** शासकीय मिनी माता कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भरसेला में आयोजित किया गया है। द्वितीय एवं तृतीय दिवस में बौद्धिक परिचर्चा के लिये युनिसेफ व पशु चिकित्सा विभाग से चिराग फांउडेशन के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. रश्मिलता राकेश ने पशुओं की देखभाल, सुरक्षा और चिकित्सा संबंधित जानकारी प्रदान की। युनिसेफ के प्रतिनिधि और महाविद्यालय के प्रध्यापकगण ने स्वयं सेविकाओं को अपने अनुभव साझा करते हुए शिविर में सफलता पूर्वक भागीदारी निभाने के लिये प्रेरित किया। संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयं सेविकाओं द्वारा पंथी, सुआ, कर्मा, नशामुक्ति और स्वच्छता ही सेवा संबंधित नाटक प्रस्तुत कर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रोशनीलता राकेश के नेतृत्व में अरपा समूह से वर्षाश्री, पैरी समूह से रमा वर्मा, गंगा समूह अंजली साहू, जमुना समूह से अंजली लहरी, नर्मदा समूह से निकिता पटेल और इन्द्रावती समूह से पम्मी सोनी की सामूहिक अगुवाई में शिविर का संचालन किया जा रहा है।

### शक्तिपीठ में हुई गायत्री परिवार के सदस्यों की बैठक



**सुहेला।** गायत्री शक्तिपीठ सुहेला में महासमुंद से आए विशेष गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विजन 2026 को लेकर बैठक आयोजित की गई, जो वंदनिया माताजी का जन्म शताब्दी समारोह है। अखंड दीप के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष में विजन 2026 पूरे देश में चलाया जा रहा है। महासमुंद से आए जिला युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भरत लाल साहू ने बताया भारत के हर कोने हर गांव में जाकर गायत्री परिवार के विचारों को स्थापित करना चाहते हैं, जिससे देवत्व का उदय हो।जिसमें समाज में हो रहे कुर्तियां को दूर करने तथा युवाओं को एक नई दिशा एक नई उमंग के साथ तैयार करने यह कार्य चल रहा है। गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ विचारों के साथ जोड़ने के लिए विशेष बात बताई गई। बैठक में रोहित वर्मा, शिव वर्मा, रामनाथ वर्मा, भगवती आदि विभिन्न ग्रामों से के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### घटना में बुजुर्ग की मौत चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तुमगांव से जोबा मार्ग में एक कांप्लेक्स के पास बाइक चालक की ठोकर से 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 4514 के चालक ने मड़हरिया साहू पिता तिहारू साहू निवासी भोरिंग को टक्कर मार दिया। बुजुर्ग को तुमगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

### टक्कर की टक्कर से दो घायल

**महासमुंद।** ग्राम बरोली तिराहा के पास एक ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसमें बैठे दो लोग घायल हो गए। बसना थाना में प्रार्थी जन्मजय निषाद पिता सरोज निषाद (28) ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 7073 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 1416 को टक्कर मार दी। इस टक्कर से उसके जीजा व एक अन्य व्यक्ति को चोटें आई है।

## जयंती : गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर श्रद्धालु मनोकामना के लिए भुइयां लोट मारते पहुंचे गिरौदपुरी

# समाज को दी सात्विक जीवन जीने की बाबा ने दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

संत बाबा गुरु घासीदास की जन्म एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 18 दिसम्बर को जन्म जयंती मनाने हजारों श्रद्धालुओं पहुंचे। कई श्रद्धालु मनोकामना के लिए भुईयां लोट मारते हुए पहुंचे। दर्शन करने के लिए छाता पहाड़, पंचकुंडीय, जन्म स्थल, सफुरा तालाब, अमृत कुंड, चरण कुंड में श्रद्धालुओं की तांता लगा रहा। गुरु घासीदास की 267वीं जयंती के अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। हर वर्ष यहां मेले का आयोजन भी किया जाता है।

■ गिरौदपुरी जन्मभूमि व तपोभूमि में मनाई गई बाबा जी की जयंती

बाबा जी ने सनातन धर्म के लिए मनखे मनखे एक समान का नारा दिया था। समाज के लोगों ने उत्साह के साथ जगह-जगह जैतखाम की पूजा-अर्चना कर श्वेत झंडा चढ़ाया। सुबह से ही गिरौदपुरी धाम बाबा गुरु घासीदास के अनुयायी गुरुगद्दी पर माथा टेकने पहुंचे और सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में कार, जीप, बस, पिकअप, मोटरसाइकिल, आटो इत्यादि वाहनों से दर्शनार्थी पहुंचे हुये थे।

**18 दिसम्बर 1756 को हुआ था गुरु घासीदास का जन्म-** 18 दिसंबर 1756 को गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में ऊंच–नीच, छुआछूत, झूठ और कपट का बोलबाला था। उनका जन्मस्थान छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में (अब बलौदाबाजार जिले के ) ▶▶|शेष पेज 10 पर

### चरणकुंड, अमृतकुंड, छाता पहाड़ में लगी रही भीड़



गुरु घासीदास की जन्मस्थली एवं तपोभूमि एवं सतनामी समाज का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गिरौदपुरी में भक्तों का मेला लगता हैं, जहां उनके चरणकुंड, अमृतकुंड, छाता पहाड़ आदि स्थलों के दर्शन वे लाभ लेते हैं। गुरु घासीदास की जयंती पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में 18 दिसंबर से करीब एक माह तक बड़े पैमाने पर उत्सव के रूप में पूरे मनाई जाती है। सद्विचार तथा एकाग्रता बढ़ाने के लिए बाबा घासीदास की जयंती मनाना अतिआवश्यक हो जाता है, क्योंकि इससे लोगों को सद्कार्य करने की प्रेरणा मिलती हे। घासीदास जयंती पर उनके भक्त पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ उनके मुख्य मंदिर में स्थित जैतखांब (जैतखंभ) को लंबी दूरी से दंडवत प्रणाम करते हुए गिरौदपुरी पहुंचते हैं। उनके भक्त मानते हैं कि ऐसा करने से उनके शरीर को कोई कष्ट नहीं होता, बल्कि उनके मन को शांति मिलती है। घर, परिवार और संतान की कामना से उनके कई भक्त बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर उनके यहां मत्था टेकने जाते हैं। 18 दिसंबर को उनकी जयंती पर जहां विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, वहीं पंथी नृत्य की धूम रही।

### भटगांव में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**भटगांव।** गुरु घासीदास जयंती पर नगर में सतनामी समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा आंबेडकर चौक से पुराना हटरी ब्राम्हण पारा, शनिदेव मंदिर होते हुए शीतला चौक, सांई मंदिर चौक, गायत्री मंदिर से बस स्टैंड मुख्य मार्ग होते हुए यात्रा वापस आबेडकर चौक पहुंची। जगह-जगह यात्र की आरती पूजा, नारियल भेंट किया गया। सभा के समापन बाद विशाल भंडारा का आयोजन समिति द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में युवा वर्ग डीजे की धून पर नाचते गाते हुए घासीदास बाबा का जयकारा लगाते हुए महिलाए बुजुर्ग काफी संख्या में उपस्थित थे। उक्त अवसर पर विधायक कविता प्राण लहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक, सरजू प्रसाद, धृतलहरे,अश्वनी जाटवर, पूर्व नगर अध्यक्ष टाईगर कुर्रे, पुनिराम बरभाव, विक्रम कुर्रे, रेशमा सोनवानी, सुख बाई नारंग, विष्णु दास प्रेमी आदि गणमान्य लोग शामिल हुए।



### दिया समरसता का संदेश

घासीदासजी ने जहां समाज में एकता बढ़ाने का कार्य किया, वहीं भाईचारे और समरसता का संदेश भी दिया। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, बल्कि समाज में नई जागृति पैदा करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग उन्होंने मानवता के सेवा कार्य के लिए किया। उनके इस व्यवहार और प्रभाव के चलते लाखों लोग उनके अनुयायी बन गए और इस तरह छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ की स्थापना हुई।

## सतनाम संदेश यात्रा पहुंची गिरौदपुरी धाम, जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बाबा गुरुघासीदास की जन्म जयंती एवं गुरु पर्व छत्तीसगढ़ में जगह-जगह धुमधाम से मनाया गया। इसी तरह गिधौरी क्षेत्र में बाबा गुरुघासीदास की ग्राम सेमरा, गिधौरी, टुण्डरा, घटमडवा आदि गांवों में जय स्तम्भ की पूजा अर्चना कर श्वेत ध्वजा पालो चढ़ाया गया और मत्था टेकर बाबा से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान पूजा में महिलाएं भी बड़ी संख्या शामिल हुईं। बाबाजी की जयंती समाज के सैकड़ों युवाओं ने सतनाम संदेश रैली डीजे पंथी धून पर जयकारा लगाये। यात्रा का शुभारंभ टुण्डरा में बाबा संत गुरुघासीदास के चलचित्र की पुजा अर्चना कर किया। इसके बाद सतनाम संदेश यात्रा रैली गिधौरी पहुंची, जहां बस स्टैंड के पास सतनाम संदेश रैली बरपाली पहुंची, जहां धुमधाम से स्वागत किया गया। इसके बाद गिरौदपुरी के लिए निकले, जहां जगह-जगह स्वागत किया गया। युवाओं ने संत गुरुघासीदास बाबा द्वारा दिये गये संदेश को लोगों तक पहुंचाने तथा मानव-मानव एक समान, ना उच्च नीच जाती पाती के भेद भाव के मिटाने और सत्य की मार्ग पर चलने का संदेश रैली में दिया। गिरौदपुरी धाम में बाबा की जन्म भूमि एवं तपोभूमि में सैकड़ों युवाओं ने मत्था टेका और बाबा जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। सतनाम संदेश यात्रा में जयवर्धन राय, राजेन्द्र घृतलहरे, राहुल राय, चंदेश बंजारे, गिरधर मनहर, लक्ष्मी, नीतीश्वर धर्न, भीम रात्रे, अजय राय, राहुल दिव्य, आशीष निराला, राहुल निराला, राज बारले, नमन कुमार, जानु मनहर, किशन निराला, सुरेन्द्र बंजारे, द्वारिका भारती, राज बारले, चन्द्रेश बंजारे, शशि भूषण जांगडे, अजय राघव, मोतीलाल रात्रे, धनराज रात्रे, साहिल बारमतेराखी रात्रे, गिरधर मनहर, आकाश जांगड़े, प्रमोद बर्मन आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

■ सतनामी समाज के सैकड़ों युवा रैली में हुए शामिल



## मुड़पार में तीन दिवसीय कार्यक्रम

**मुड़पार-सरसीवां।** तहसील मुख्यालय से लगे ग्राम मुड़पार के आंबेडकर चौक में गुरु घासीदास बाबा की तीन दिवसीय 18 से 20 दिसम्बर तक जयंती समारोह का आयोजन चल रहा है। इसमें दूर दराज क्षेत्र से पंथी पार्टी, प्रवक्ता, प्रवचनकर्ता, कवि, श्रद्धालुजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए। विदित हो कि बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन संघर्ष व उनके संदेश, उपदेश एवं समाज निर्माण में योगदान मानवतावादी विचारधारा को विविध कार्यक्रम के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाने कार्य विगत 17 वर्ष से निरंतर किया जा रहा है। ध्वजारोहण पश्चात रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रथम पुरस्कार 21000 रुपये, द्वितीय 11000, तृतीय 7000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 4000 रुपये, सांत्वना पुरस्कार पंथी पार्टी को दिया जाएगा। समिति द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई है।

# अतिक्रमण पर प्रशासन की पैनी नजर फिर बड़ी कार्रवाई की ओर तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नये सत्तारूढ़ भाजपा की सरकार बैठने के बाद राज्य के सभी शहरों में अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत भाटापारा में मंडी प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में अतिक्रमण पर कारवाई की। अतिक्रमण मुक्त कराये जाने के बाद उस भू भाग को तत्काल संरक्षित किये जाने को लेकर भी चुनौती मंडी प्रशासन के समक्ष है ।

जिस तरह से प्रदेश में नई सरकार आने के बाद विभिन्न शहरों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है, इसी तर्ज पर ऐसा प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में भाटापारा के अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी। कई वर्षों से मंडी के स्वामित्व की भूमि के संदर्भ में उच्च न्यायालय में प्रकरण चल रहा था, जिस पर आठ माह पूर्व न्यायालय द्वारा मंडी प्रशासन के पक्ष में निर्णय दिया गया। उक्त निर्णय के परिपालन में 15 दिसंबर से कार्रवाई सुनिश्चित की ▶▶|शेष पेज 10 पर

### भाटापारा का मास्टर प्लान भी तैयार




गौरतलब है कि भाटापारा में मास्टर प्लान बनकर तैयार है, जो कि आसपास के गांवों को एकत्रित कर लागू किया जा चुका है। विदित हो कि वर्षों पूर्व भाटापारा में मास्टर प्लान को भाजपा के शासनकाल में ही लाया गया था। ग्राम तथा नगर निवेश विभाग बलौदा बाजार इसी मास्टर प्लान के आधार पर विभिन्न आवश्यक कार्यों के लिए टीप के रूप मे अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करता है। मास्टर प्लान के अंतर्गत इंगित भूमि को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमित भूमि को खाली कर भावी उपयोग के लिए चिन्हांकित किया जाना चाहिए।

### दुकानों में उधारी बंद जेवर गिरवी रख चला रहे हैं मध्यान्ह भोजन

**महासमुंद।** स्कूलों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन परोसने वाले महिला समूहों को चार महीने से कुकिंग कास्ट की राशि नहीं मिली है। और न ही रसोइयों को मानदेय मिला है। इधर, जिन दुकानों से समूह की महिलाएं राशन लाती रही हैं उन्होंने सामान उधार देना बंद कर दिया है। हालात यह है कि मध्याह्न भोजन संचालन करने वाली महिलाओं को जेवर गिरवी रखने की नौबत है। जिससे महिला समूहों पर कर्ज बढ़ता जा रहा है।

जिले के 1310 प्रायमरी और 513 मिडिल स्कूलों में पीएम पोषण आहार योजना के तहत मध्यान्ह भोजन बनाने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं को कुकिंग कास्ट की राशि चार महीने से नहीं मिली है। कुकिंग कास्ट की राशि 60 फीसदी जहां केंद्र की ओर से दी जाती है।

# नवनिर्वाचित विधायक का पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा भाटापारा ने पेंशनर्स दिवस पर नवनिर्वाचित कांग्रेस के विधायक इंद्र साव के मुख्य आतिथ्य में तथा खुमान सिंह वर्मा की अध्यक्षता तथा सर्वश्री एमआर उपाध्याय, भंवर सिंह साहू, बाबूलाल साव, विमला साड़ू के विशेष आतिथ्य तथा जिला कांग्रेस के महामंत्री अरुण यादव की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव ने किया। इसके बाद बीणा साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। पश्चात पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा ने मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक इंद्र साव का शाल, श्रीफल और गुलाल से सम्मान कर दीर्घायु की कामना की। इसके बाद मुख्य अतिथि 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स रूपसिंह वर्मा का शाल, श्रीफल व गुलाल से सम्मान किया। पश्चात मुख्य अतिथि श्रीसाव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पेंशनरों का फूलमाला पहनाकर उनसे आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि इंद्र साव विधायक ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पेंशनरों का सम्मान करके उनसे आशीर्वाद लेने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि पेंशनर हमारे समाज के अमूल्य धरोवर हैं। उनसे मार्ग दर्शन लेकर देश और समाज का द्रूत गति से विकास कर ▶▶|शेष पेज 10 पर



## अक्षत कलश यात्रा कार्यक्रम में उमड़ी रामलला के भक्तों की भीड़

# राम के अक्षत कलश का शिवरतन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रामलला की जन्मभूमि अयोध्या से निकली अक्षत कलश यात्रा रविवार को भाटापारा नगर में निकाली गई। यात्रा नगर के सती मंदिर से प्रारंभ होकर सदर मार्ग होते हुए रामसप्ताह चौक से जयस्तम्भ चौक होकर फवारा चौक, सुभाष बाजार होते हुए महाकाल मंदिर नगर पालिका के पास सम्पन्न हुईं।

विदित है कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। भगवान राम के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देशभर के लोगों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से अक्षत कलश यात्रा निकाली गई है, जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद को सौंपी गई है। इस अक्षत कलश यात्रा के जरिए रामलला के भक्तों को घर-घर पहुंचकर न्योता दिया जा रहा है। यात्रा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा कलश ▶▶|शेष पेज 10 पर





### संपर्क अभियान समिति ने निकाली अक्षत कलश यात्रा

**बिलाईगढ़।** नगर में 17 दिसम्बर को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति द्वारा नगर में अक्षत कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी आगवानी समस्त नगरवासियों ने की और कलश का दर्शन एवं चौक चौराहों पर भव्य स्वागत किया गया। वहीं दोपहर 2 बजे समलाई माता मंदिर से शंखनाद एवं पूजन के साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ, यात्रा में क्रमशः सर्व प्रथम ध्वज वाहिनी, ढोल ताशा बैंड पालटी राम दरबार रथ, कलश वाहिनी सहित राम भक्त सम्मिलित हुए। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्ग पर निकाली गई थी। तत्पश्चात संघ रचना के सभी मंडलों एवं बस्तियों से आए हुए कार्यकर्ताओं को मण्डलशः कलश वितरित किया गया। इसके पश्चात सभी राम भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया जिसके साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी मण्डलों तक एक साथ कलश पहुंचने पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला के सह समन्वयक सोमनाथ राकेश, खण्ड समन्वयक चिराग साहू, उपखण्ड समन्वयक सुकलाल साहू, विहिप के प्रखण्ड अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन एवं समिति के जयदीप पांडे, दीपक राकेश, पंकज राकेश, प्रतीक श्रीवास, सत्येंद्र देवांगन, विनायक शर्मा, दुर्गेश कैवर्त्य, संतोष दुबे, दिपक देवांगन, आकाश देवांगन, विकास देवांगन एवं अन्य बंधु भगिनी बढ़ी मात्रा में उपस्थित थे।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साह, तैयारी में जुटे लोग

**महासमुंद।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहरवासी काफी उत्साहित हैं। इस संबंध में हाल ही में एक वृहद बैठक हुई। जिसमें महासमुंद नगर को 10 अलग-अलग बस्तियों में विभक्त करते हुए अलग-अलग टोली बनाकर कार्य करने का लक्ष्य है। अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र एवं राम दरबार छायाचित्र को प्रत्येक सनातनी परिवार तक पहुंचने एवम प्रत्येक सनातनी परिवार प्राण प्रतिष्ठा के दिन को दीपावली की तरह मनाने जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में राम मंदिर उत्सव समिति के महेश मक्कड़ ने बताया कि पूरे अभियान में अपने गली या आसपास के मंदिरों को केंद्र मानकर काम करना है। मंदिरों की साज सज्जा रंग रोगन पर भी ध्यान देना है। नगर कार्यवाह भूपेंद्र राठौर ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने बस्ती का वातावरण अयोध्या जैसा बनाना है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

